प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.05.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में आगामी एक जून को लोकसभा और विधानसभा की 6 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर पहुँच चुका है। दोनों ही प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों द्वारा रैलियां और रोड शो द्वारा चुनाव प्रचार किया जा रहा है। हालांकि आज शाम 6 बजे खुले में चुनाव प्रचार थम जायेगा और प्रत्याशी डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज करसोग में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुल्लू के ढालपुर में चुनावी रैली करेंगे वहीं केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर घुमारवीं में जनसभा को संबोधित करेंगे जबकि कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज दोपहर सोलन में रोड शो करेंगी।

एडवाइज़री

पहली जून को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान केंद्रों की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग ने एडवाइजरी जारी की है। आयोग के मुताबिक मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी। चार या इससे अधिक लोगों के एकत्रित होने या चलने पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव डियूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों को मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में अग्निशस्त्र, हथियार, बैनर, स्टिकर लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश सरकारी कर्मचारी, कानून व्यवस्था, आवश्यक सेवाएं और चुनाव संचालन से जुड़े लोगों पर लागू नहीं होंगे।

मनीष गर्ग

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि पहली जून को मतदान के दिन राज्य के सभी पंजीकृत मतदाताओं के लिए वेतन सहित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत राज्य सरकार के सभी कार्यालय जैसे, बोर्ड, निगम, शिक्षण संस्थान और औद्योगिक प्रतिष्ठान शामिल हैं। दैनिक वेतन भोगियों को भी ये अवकाश वेतन सहित मान्य होगा। मनीष गर्ग ने कहा कि इस आदेश की उल्लंघना करने और मतदान के दिन वेतन सहित अवकाश न देने वाले नियोक्ताओं पर जुर्माना लगाया जाएगा।

ड्राई–डे

निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आगामी तीन दिन ड्राई डे घोषित किया है। इस दौरान मादक द्रव्य पदार्थों पर रोक रहेगी। इन तीन दिनों के भीतर यदि कोई दुकानदार इनकी बिक्री करता पाया जाता है तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा 4 जून को मतगणना वाले दिन भी ड्राई–डे रहेगा। आबकारी व कराधान विभाग ने प्रदेश से सटी अन्य राज्यों की सीमाओं को भी

पूरी तरह सील कर दिया गया है। प्रदेश में वाहन प्रवेश करने वालों पर पैनी नज़र रखी जाएगी। चुनावी ड्यूटी के दौरान अन्य राज्यों से आए पुलिस कर्मियों सहित पैरा मेडिकल फोर्स के जवान भी फ्लैगमार्च कर रहे हैं और हर एक संदिग्ध गतिविधि पर नज़र रखी जा रही है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मैदानी भागों में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है। बीते रोज़ ऊना में 19 वर्ष के बाद अब तक का सबसे अधिक तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालाँकि बीती रात शिमला और इसके आसपास के क्षेत्रों सहित राज्य के कुछ भागों में हल्की वर्षा होने का भी समाचार है। पश्चमी विक्षोभ के दस्तक से ही मौसम में ये बदलाव आया है। मौसम विभाग ने 2 जून तक राज्य के मध्यम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अंधड़ के साथ हल्की वर्षा होने और मैदानी भागों में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है

इस बीच मैदानी भागों में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते प्रशासन ने ऊना, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर, सिरमौर जिला में 2 जून तक जबकि सोलन जिला में आज से 4 जून तक सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद करने का निर्णय लिया है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल में पहली बार ऊना, नेरी में तापमान पहुंचा 46 डिग्री पार। पंजाब केसरी का शीर्षक है ऊना में गर्मी ने तोड़ा 19 वर्षों का रिकॉर्ड। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं भीषण गर्मी ने बंद करवाए स्कूल। हिमाचल दस्तक लिखता है 9 स्थानों पर तापमान 40 डिग्री से अधिक, आज भी लू चलने का अलर्ट।

दैनिक जागरण की एक खबर है आज थम जाएगा ढाई माह से जारी चुनाव प्रचार। दिव्य हिमाचल के मुताबिक आज बंद हो जाएगा प्रचार, गाड़ियों से हटाने होंगे लाउडस्पीकर।

चुनाव प्रचार से जुड़ी खबर पर दैनिक भास्कर ने नितिन गडकरी के हवाले से लिखा है हिमाचल का विकास चाहते हैं, तो सोच कर निर्णय करना होगा। पंजाब केसरी का शीर्षक है हिंदुस्तान के इतिहास में यदि किसी ने गांवों को सड़क से जोड़ा तो वे थे अटल बिहारी वाजपेयी। आपका फैसला के शब्द हैं केंद्रीय मंत्री ने कुटलैहड़–आनी में कांग्रेस पर बोला हमला, गरीबी हटाओ का नारा दिया, पर गरीबी दूर नहीं हुई।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के हवाले से दैनिक भास्कर ने सुर्खी दी है मोदी हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं कर सके। हिमाचल दस्तक का कहना है प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री पर कसा तंज, कहा– आपदा में तो कुछ नहीं किया, अब किस मुंह से मांगे रहे वोट। वहीं अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है हमने 15 माह काम किया, हमारी भी परीक्षा। आपका फैसला का कहना है नादौन के विकास में भाजपा का कोई योगदान नहीं।